जांच | एमएलटी वेयर हाउस मजीठा में मूंग- उड़द उपार्जन की जांच

# पहले दिन 382 किसानों के दस्तावेज जमा

**नवभारत, जबलपुर।** शहपुरा तहसील स्थित ग्रीष्मकालीन मूंग-उड़द खरीदी के समय बनाए गए गोदाम स्तरीय उपार्जन केन्द्र 64 एमएलटी वेयर हाउस मजीठा में खरीदी के दौरान अनियमितता मिलने पर जिला स्तर पर विस्तृत जांच की जा रही है। उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि जांच के लिए बनाए गए कैंप में पहले दिन लगभग 382 किसानों से जांच दल द्वारा दस्तावेज

और उनके बयान लिए गए हैं। आज 26 अगस्त को जांच दल द्वारा किसानों का सत्यापन किया जाना है। जिसके आधार पर आगे की जांच होने के बाद कार्यवाही की जाएगी। विदित है कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशानुसार 25 एवं 26 अगस्त को गोदाम स्तरीय उपार्जन केंद्र 64 एमएलटी वेयर हाउस मजीठा में कैंप आयोजित कर मूंग एवं उड़द बेचने वाले सभी किसानों का सत्यापन किया जाना है। जिसमें एमएलटी वेयर हाउस मजीठा कैंप में आधार कार्ड, समग्र आई.डी., पंजीयन प्रति, माल बिक्री पावती अथवा पर्ची, स्लॉट बुकिंग पर्ची, खसरा एवं बी-1 तथा सिकमीनामा सहित उपार्जन से संबंधित संपूर्ण अभिलेख के साथ सभी किसानों का सत्यापन कर जांच की जा रही है।



### ये है मामला

उल्लेखनीय है कि खरीदी के दौरान एमएलटी वेयरहाउस के केंद्र पर बसेड़ी समिति द्वारा फर्जी मूंग की एंट्री कर ली है, जिसकी कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए बताई जा रही है। अधिकारियों द्वारा प्रारंभिक जांच की थी, जिसमें पाया गया था कि भेड़ाघाट स्थित बसेड़ी सेवा सहकारी समिति के वेयरहाउस केंद्र में लगभग 1600 क्विंटल मूंग और 300 क्विंटल उड़द की फर्जी एंट्री हुई है। जहां बिना फसल लाए ही भ्रष्टाचारियों द्वारा उक्त मूंग और उड़द की एंट्री पोर्टल पर कर दी, जिसमें दोनों फसलों की कीमत लगभग डेढ़ करोड़ से ऊपर की होगी।

## प्रमुख सचिव व आयुक्त लोक शिक्षण को अवमानना नोटिस

**जबलपुर।** पूर्व में पारित आदेश के बावजूद भी स्कूल को मान्यता नहीं दिये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस डी डी बंसल की एकलपीठ ने प्रमुख सचिव तथा आयुक्त को अवमानना याचिका दायर की जवाब मांगा है। डिंडौरी निवासी देव सिंह मरावी की तरफ से दायर अवमानना याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता दूरबन धीरज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धमनी जिला डिंडौरी का संचालन करता आ रहा है। याचिकाकर्ता की तरफ से स्कूल की मान्यता का नवीनीकरण करने आवेदन दायर किया था,जो लंबित है। इस दौरान कुछ कमियां निकालकर बिना किसी युक्तियुक्त कारण से स्कूल संचालन पर रोक लगा दी गई है। यह स्कूल आदिवासी विकास समिति, देवरा बबलिया, मंडला द्वारा संचालित है। पूर्व में मान्यता का निरंतर नवीनीकरण हो रहा था। क्षेत्र में नौवीं से बारहवीं तक इस स्कूल के अलावा कोई स्कूल नहीं है। इसलिए अड़ंगा लगाए जाने से आदिवासी वर्ग के बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। स्कूल संचालन पर रोक लगाये जाने के कारण पूर्व में याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए शासन को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर कार्यवाही करते हुए विधि अनुसार कार्यवाही के आदेश जारी किये थे।



# सड़कों तक बढ़ी दुकानें, प्रोडक्ट का हो रहा डिस्प्ले

▶ दिखावा बनती जा रही अतिक्रमण विभाग की कार्यवाही

**जबलपुर, नवभारत।** अतिक्रमण के चलते शहर की छवि दिन ब दिन बदसूरत होती जा रही है। आलम यह है कि 25 से 30 फ़ीट चौड़ी बनी सड़कें भी सिकुड़कर आधी रह जाती हैं। उदाहरण के लिए गंजीपुरा, मुकादमगंज और हनुमानताल जैसे इलाकों में सड़कों पर वाहन चलाना तो दूर पैदल निकलना भी मुश्किल हो रह है। वही त्रिपुरी चौक, शारदा चौक से मेडिकल कॉलेज की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कों पर दिन में कई-कई बार जाम लगना अब आम बात हो गई है। नगर निगम ने कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया लेकिन यह अभियान केवल औपचारिकता बन कर रह गया। कई अभियानों के बाद भी हालात जस के तस बने हुए हैं।

### सड़कों तक बढ़ी दुकानें

मालूम हो कि शहर की अधिकतर सड़कों पर लोगों ने अपने घर और दुकाने सड़को तक बढ़ा कर रखे हैं। जिसके कारण नालियां बंद हो चुकी है, वहीं दुकानों की सीढ़ियां सड़को तक बना रखी हैं। इसके बाद भी दुकानदार अपनी दुकानों का आधा सामान निकाल कर दुकान के सामने लगा देते हैं। इससे सड़कों की चौड़ाई कम हो जाती है। ऊपर से सड़क किनारे कपड़े, जूते चप्पलों, फल, जूस और और चाय पान की दुकानें समस्याएं और ज्यादा बढ़ा रहीं हैं। यह हाल केवल एक दो सड़कों के नहीं, बल्कि हर मुख्य सड़क के बन चुके है।



## 222 वारंटी, 32 शराब तस्कर, 5 चाकूबाज पकड़ाए

**जबलपुर।** शहर से लेकर ग्रामीण अंचल में पुलिस ने कांबिंग गश्त की। कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षो से फरार 104 गैर म्यादी वारिटयों एवं 96 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए 22 जमानती वारंट भी तामील किए गए है। अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। इसके अलावा अवैध शराब कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 32 आरोपियों को गिरफ्तार कर 41 लीटर कच्ची , 70 पाव देशी, विदेशी शराब जप्त की गयी है। इसी प्रकार कांबिंग गस्त के दौरान चाकू रखकर घूमते हुए 5 आरोपियों को पकडा जाकर 5 चाकू जप्त किये गये । कॉबिंग गश्त अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने दोपहर 12 बजे से रात्रि 12 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन 2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के मार्गनिर्देशन में कराई।

### रेपिस्ट फरार, परिजनों ने पीड़िता पर केस वापिस लेने बनाया दबाव, धमकाया

**जबलपुर।** हनुमानताल थाने में दर्ज दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट के प्रकरण में आरोपी फरार हो गया है। रेपिस्ट के परिजन पीड़िता पर केस वापिस लेने दबाव बना रहे है और प्रकरण वापिस न देने पर धमकी दे रहे है। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक टेढीनीम निवासी पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आठ अगस्त को हीरा चौधरी के खिलाफ दुष्कर्म, पास्को एक्ट की एफआईआर दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही हीरा चौधरी फरार हो गया है। लेकिन हीरा की मां रानी चौधरी, पत्नी बबली चोधरी उसे धमकी देकर बोल रहे है कि 3 लाख रूपये ले लो और केश खत्म कराओ नहीं तो जान से खत्म कर देगें। लगातार दोनों रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन



**जबलपुर।** स्मार्ट मीटर के खिलाफ मध्य प्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के बैनर तले राज्य व्यापी विरोध दिवस पर घंटाघर पर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। उपभोक्ता एसोसिएशन के राज्य समिति सदस्य सुनील सेन ने कहा कि बढ़ते बिजली बिलों ने लोगों की कमर तोड़ दी है। एसोसिएशन की संयोजिका भावना दीक्षित ने कहा कि स्मार्ट मीटर का विरोध देशभर में हो रहा है क्योंकि यह मीटर लगाने के बाद बिल कई गुना बढ़ गए हैं। जिन उपभोक्ताओं का बिल 100 रूपए से 500 रुपए तक आता था स्मार्ट मीटर लगने के बाद हजारों में आ रहा है, जो कि आम उपभोक्ता की क्षमता से बाहर है। आगामी 6 अक्टूबर को राज्य स्तरीय विरोध प्रदर्शन भोपाल में आयोजित किया जाएगा। मांग की गई कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाई जाए व पुराने मीटर को यथावत रखा जाए एवं जिन उपभोक्ताओं के घर स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं उनको निकालकर पुराने डिजिटल मीटर जल्द से जल्द लगाए समेत अन्य मांगे शामिल थी। प्रदर्शन का संचालन देवेंद्र विजौरे ने किया। शफीक नेताजी,धनश्याम यादव, एड. पूर्णजीत गुप्ता ने भी बात रखी। इस दौरान वीडी सिंह, उमाप्रसाद विश्वास, जानकी विश्वकर्मा,पंकज मीणा,दिनेश प्रजापति,अशोक यादव,रिजवान अंसारी ,शिवम सहित कई उपभोक्ता शामिल रहे।



# आदिवासी संस्कृति के अनुरूप मनाया जाएगा बलिदान दिवस

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ जबलपुर के तत्वाधान में एक विशेष बैठक का आयोजन विगत दिवस प्रतिमा स्थल गोंडवाना चौक जबलपुर में हुआ। इस अवसर पर निर्णय लिए गए की समस्त जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में सादर आमंत्रित किया जाए। इसी अनुक्रम में सोमवार को जबलपुर आगमन पर मुख्यमंत्री मोहन यादव को एक आमंत्रण पत्र और राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह संग्रहालय के संबंध में अमूल्य सुझाव दिए। गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ कटनी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पूर्णेश उईके का स्वागत कर उन्हें नियुक्ति पत्र सोंपा गया। विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे और 18 सितंबर अमर शहीद राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को आदिवासी संस्कृति के अनुरूप भव्य रूप से मनाने का निर्णय हुआ तथा निर्णय लिया गया की 16 से 18 सितंबर तक तीन दिवसीय कार्यक्रम किया जाएगा। बैठक में संभागीय अध्यक्ष किशोरी लाल भलावी, जिला अध्यक्ष नेम सिंह मरकाम, संभागीय सचिव उत्तम सिंह ताराम, कार्य. अध्यक्ष अजय झारिया, राजेंद्र चौधरी, घनश्याम यादव,गया सिंह धुर्वे, राजेंद्र कापसे, मुक्तेश्वर राव, भानसिंह तेकाम, विजयसिंह मरावी, अंजना इवनाती, एड. राहुल चौधरी, दिशा इवनाती, गनपत कोरी, नोखेलाल बरकड़े, युवराज विश्वकर्मा आदि उपस्थित हुए।

# रक्तदान किसी भी पुण्य कार्य से कम नहीं : सुमित्रा वाल्मीकि

**जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शिव स्मृति भवन नेपियर टाउन जबलपुर के सभागार में विश्व बधुत्व दिवस के अंतर्गत विराट रक्त दान शिविर का अयोजन किया गया । जिसका शुभारम्भ राज्य सभा सदस्य (सांसद) सुमित्रा वाल्मिकी , डॉ शिशिर चिनपुरिया ब्लड बैंक प्रभारी एनएससीबी मेडिकल कॉलेज जबलपुर, डॉ. सुनील बहल (उपाध्यक्ष आईएमए मध्य प्रदेश) , डॉ श्याम रावत प्रो मेडिकल कॉलेज , डॉ एस के पांडे सर्जन आदि उपस्थित रहे । सुमित्रा वाल्मिकी ने रक्त दान करने वालों को संम्बोधित करते हुए कहा की यह कार्य किसी महान पुण्य से कम नहीं है, रक्तदान इसलिए भी महत्त्वपूर्ण दान है यह हमारे शरीर का अमूल्य उपहार है और जब हम इसे किसी समाज कल्याण के कार्य हेतु दान करते है तो यह और भी अधिक पुण्य कर्म बन जाता है । सभी अतिथियों ने कार्यक्रम की बहुत ही अधिक प्रशंसा की साथ ब्रह्मा कुमारीज के इस कार्य की सराहना की इस अवसर पर राजयोगिनी भावना दीदी ने भी विचार व्यक्त किए।




### साढ़े तीन लाख के जेवर ले गए चोर

**जबलपुर।** गोरखपुर थाना अंतर्गत रतन कॉलोनी में चोरों ने एक सूने घर का ताला तोड़कर साढे तीन लाख रूपए के जेवर पार कर दिए। पुलिस के मुताबिक इन्द्रनील गुजराल निवासी रतन कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि परिवार में माता-पिता, भाई और पत्नी है और घनश्याम लोधी पिछले 17 सालों से घर में गार्डन और घर की सफाई का काम करता है। जेवराती सामान एवं कैश मां के कमरे में कवर्ड के ड्राअर में रखे रहते है। मां श्रीमती जगदिंर कौर गुजराल ने अलमारी चैक कर रही थी उसी समय ज्वैलरी के सामान में से कान के झूमके करीबन 1 तोला, टप्स करीबन आधा तोला, हाथ के कंगन करीबन चार तोला एवं अंगूठी करीबन एक तोला पुराना पुश्तैनी सामान नहीं मिला।

### अधेड़ ने लगाई फांसी

**जबलपुर।** भेड़ाघाट के धरमपुरा में रामप्यारे बर्मन 55 वर्ष ने सीलिंग पंखे से नायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा।

## अधिकृत अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज एवं रेल फाटक का ही उपयोग करें

▶ रेल प्रशासन की आमजन से अपील

**जबलपुर।** रेल प्रशासन आमजन एवं वाहन चालकों से अनुरोध करता है कि बारिश के मौसम में प्राय: यह देखा गया है कि रेलवे ट्रैक के नीचे बने वाटर-वे जिसको रेलवे द्वारा जल निकासी के लिए ट्रैक के नीचे बनाया जाता है उसे जनता आवागमन के लिए उपयोग करती है बारिश के मौसम में जल भराव के कारण होने वाली किसी भी असुविधा एवं अनहोनी से बचने के लिए वाटर -वे से आवागमन ना करें रेल प्रशासन जनता से अपील करता है कि रेलवे द्वारा बनाए गए अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज एवं समपार फाटक का ही उपयोग करें जिसको रेलवे द्वारा जनता के आवागमन के लिए बनाया गया है। इसी प्रकार अधारताल देवरी खंड स्थित स्माल ब्रिज पुलिया एक जलमार्ग है यह पुलिया अंडरब्रिज नहीं है। बरसात के मौसम में इसे जल निकासी के लिए बनाया गया है यह पुलिया जनता के आवागमन के लिए नहीं है।

### ग्रामीणों पर हमला

**जबलपुर।** कटंगी थाना अंतर्गत बकसवाही में शराब बंदी का विरोध करते हुए शराब तस्कर ने गैंग के साथ मिलकर ग्रामीणों पर बका, लाठी से हमला कर दिया। हमले में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक आकाश सिंह लोधी ठाकुर निवासी बकसवाही ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कैमोरी गांव का रहने वाला बल्लू यादव गांव में मीटिंग होने के बाद भी गांव मे शराब विक्रय कर रहा था जो दो दिन पहले हम लोगो ने एवं गांव के अन्य लोगो ने उसे समझाया था कि गांव मे शराब बिक्री नही होगी और गांव में शराब बिक्री पर पाबंदी लगाये थे।

## बदमाश पिस्टल, मैगजीन और दस कारतूस के साथ गिरफ्तार



**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस ने सामुदायिक भवन बाई के बगीचा में दबिश देकर एक बदमाश को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से एक पिस्टल, दो मैगजीन एवं दस कारतूस जप्त किए गए। टीआई राजकुमार खटीक ने बताया कि बाई के बगीचा में घेराबंदी कर फजले रब उर्फ फैज पिता आरिफ अंसारी 19 वर्ष निवासी मेनरोड़ अंधेरदेव मस्जिद के पास को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर कमर में पीछे तरफ एक देशी पिस्टल जिसकी मैगजीन में 5 कारतूस लोड है खोंसे मिला। पेंट के दाहिने जेब में मैगजीन रखे मिला जिसे चैक करने पर मैगजीन के अंदर 5 कारतूस लोड मिले। आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त पिस्टल कारतूस कहॉ से और कैसे प्राप्त किया के सम्बंध में पूछताछ जारी है।

### श्रीमती कौशल्या वत्स का निधन

**जबलपुर।** रक्षा नगर कॉलोनी, मस्ताना चौक,रांझी निवासी सर्वेश वत्स एवं आशुतोष वत्स (आशु) की माता



श्रीमती कौशल्या वत्स,का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार बड़ा पत्थर मुक्तिधाम रांझी में किया गया।

कार्यक्रम | गीत संगीत का कार्यक्रम हुआ आयोजित

# किसी राह में किसी मोड़ पर ....




**जबलपुर, नवभारत।** संगीत विद्या ग्रुप के तत्वाधान में रिमझिम गिरे सावन कार्यक्रम का आयोजन कला वीथिका हॉल में किया गया था। इस कार्यक्रम में शहर के जाने-माने कलाकारों ने भाग लिया था प्रोग्राम का आगाज़ ग्रुप के संयोजक तरुण के द्वारा में एक चोर तू मेरी रानी गीत गाकर किया गया। इसके बाद प्रमोद सुकृत, उदय बेड़ेकर, निरुपमा शर्मा वरुण, अनीता झा, निलेश, जूही राजावत द्वारा चूड़ी नहीं है मेरा दिल है, किसी राह में किसी मोड़ पर, तौबा तुम्हारे ये इशारे, रुत हैं मिलन की, झुकी झुकी सी नजर आदि गीतो पर अपनी प्रस्तुतियां दी गई।

**इनका कहना है**



संगीत का कार्यक्रम हर किसी के मूड को तरो ताजा कर देता है। पुराने गीतों की बात ही निराली थी।

**प्रमोद सुकृत**



कार्यक्रम में मैंने भी अपने पसंदीदा गीतों पर प्रस्तुतियां दी जिसे सभी ने खूब पसंद किया था।

**मौसमी बनर्जी**

### 90 लाख की धोखाधड़ी: आरोपियों पर ईनाम घोषित

**जबलपुर।** गढ़ा थाने में दर्ज 90 लाख की धोखाधड़ी के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने ईनाम घोषित कर दिया है।

पुलिस के मुताबिक गढ़ा थाने में दर्ज 90 लाख की धोखाधड़ी के प्रकरण में अनिल कुमार लाल निवासी होशंगाबाद रोड थाना हुजूर जिला भोपाल, गौरव पटेल पिता राम सिंह निवासी ग्राम गुंदरई जिला नरसिंहपुर के फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा चुकी है लेकिन उनका सुराग नहीं लगा है। पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने अब दोनों की गिरफ्तारी पर तीस-तीस हजार रूपए का ईनाम घोषित कर दिया है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं खुशी लाल पिता श्री रामफल यादव निवासी 1149, गाजी नगर अधारताल जबलपुर (म.प्र.) निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ कि मैं उपरोक्त पते पर वर्तमान में निवासरत हूँ, मेरा सही नाम खुशी लाल पिता श्री रामफल यादव है । मेरे ड्राईविंग लाईसेंस क्र. MP20R-2020-0437389 में मेरा नाम MUNNA YADAV लिखा हुआ है जो कि गलत है। यह कि आधार कार्ड, पेनकार्ड के आधार पर मेरा सही नाम KHUSHI LAL है जो सही है, ड्राईविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम में सुधार कर दर्ज करने की कृपा करें।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार कम्पनी मेसर्स रत्नगर्भा स्टील प्रा.लि. 205, समता कालोनी, रायपुर (छ.ग.) के स्वत्व - स्वामित्व व आधिपत्य की 18.66 हेक्टेयर भूमि ग्राम धमधा, पटवारी हल्का नं. 22, रा.नि.मं. खेतोला, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.) में स्थित है जिसका खसरा नं. 28, 29/1, 29/2 रकबा क्रमशः 0.92 हे., 10.28 हे., 7.46 हे. कुल रकबा 18.66 हेक्टेयर है।

मेरी पक्षकार कम्पनी के मालिकाना हक की उपरोक्त भूमि के संबंध में मुकेश कुमार वर्मा आत्मज हरिंद्र प्रसाद वर्मा, निवासी- कोदवारी, आमखेड़ा, जबलपुर (म.प्र.) द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उक्त भूमि को संतोष कुमार यादव आत्मज हेतराम यादव, निवासी- ग्राम भनपुरा नं. 1, ढीमरखेड़ा, बडखेरा, कटनी (म.प्र.) को विक्रय करने का पंजीकृत अनुबंध जाली दस्तावेजों और जाली हस्ताक्षर के द्वारा दिनांक 18.08.2025 को उप पंजीयक जबलपुर -2, के समक्ष निष्पादित किया गया है जो अवैध व शून्य होकर अपराध की श्रेणी में आता है।

मेरी पक्षकार कम्पनी उपरोक्त व्यक्तियों और उनके साथियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं विधि के अन्य सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत आपराधिक एवं सिविल कार्यवाही पृथक से कर रही है।

कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि यदि उक्त जाली दस्तावेजों के आधार पर निष्पादित अनुबंध पत्र लेन-देन करता है अथवा उस पर कोई अधिकार, स्वामित्व या हित का दावा करता है अथवा कोई संव्यवहार करता है तो वह ऐसा अपने जोखिम, खर्च एवं परिणाम का उत्तरदायी होकर आपराधिक कृत्य करता है यह माना जावेगा और मेरा पक्षकार उक्त व्यक्ति के विरूद्ध भी आपराधिक एवं सिविल कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र होगा।

अतः यह सार्वजनिक सूचना आम जन को सावधान करने हेतु प्रकाशित की जा रही है।

सो सूचना सर्व विदित हो।

स्थान : रायपुर (छ.ग.) (मुहर)
दिनांक : 21/08/2025

चन्द्रशेखर दुबे (अधिवक्ता)
23- ए, पुराना पंचशील नगर, सिविल लाईन्स, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9981921050

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार के निर्देशानुसार आम जनता को यह सूचित कर रहा हूँ कि मेरे पक्षकार श्री प्रितपाल सिंह जग्गी पिता श्री एम.एस. जग्गी द्वारा आवासीय उपयोग के दो मकान खरीदने के लिए श्री नीरज कुमार भाटिया पिता स्व. श्री एम. सी. भाटिया, श्रीमती मीनू भाटिया पत्नी श्री नीरज कुमार भाटिया एवं श्री सुमित नीरज भाटिया पिता श्री नीरज कुमार भाटिया से अनुबंध पत्र किया है एक मकान 1500 वर्गफीट है जिसमें अविभाजित रकवा 375 वर्गफीट एवं दूसरा मकान 1420 वर्गफीट जिसमें अविभाजित रकवा 355 वर्गफीट है दोनों मकान नजूल सिविल स्टेशन ब्लाक क्रमांक 04 में प्लाट नं. 17/1 का भाग है उक्त संपत्ति को श्री नीरज कुमार भाटिया पिता स्व. श्री एम.सी. भाटिया, श्रीमती मीनू भाटिया पत्नी श्री नीरज कुमार भाटिया एवं श्री सुमित नीरज भाटिया पिता श्री नीरज कुमार भाटिया ने पूर्व भूमिस्वामी इंद्रपुरी कामजोर वर्ग गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, महाराजपुर, जबलपुर अनूप विल्सन & सतीश विल्सन दोनों के पिता स्व. अरिअल विल्सन, श्रीमती नीलमा विल्सन पत्नी अनूप विल्सन, श्रीमती मनोरमा विल्सन पत्नी सतीश विल्सन से विक्रय पत्र के माध्यम से विक्रय पत्र दिनांक 21/12/2000, दस्तावेज क्रमांक-1633-क एवं विक्रय पत्र दिनांक 03/03/2001, दस्तावेज क्रमांक- 2002-क के माध्यम से क्रय किया है।

यह कि श्री प्रितपाल सिंह जग्गी पिता श्री एम.एस. जग्गी मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) से ऋण प्राप्त करना चाहता है, जिसकी सुरक्षा हेतु श्री प्रितपाल सिंह जग्गी पिता श्री एम.एस. जग्गी द्वारा उक्त संपत्ति बैंक में बंधक की जा रही है। चूँकि उक्त सम्पति पर पंजीकृत दोनों विक्रय पत्र दिनांक 21/12/2000, दस्तावेज क्रमांक- 1633-क एवं विक्रय पत्र दिनांक 03/03/2001, दस्तावेज क्रमांक- 2002-क को बैंक में जमा कर साम्यिक बंधक किया जा रहा है।, अत: उक्त संपति या संपत्ति के बंधक के सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई विवाद हो तो वह प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर मेरे पक्षकार Capri Global Capital Ltd (CGCL) / Capri Global Housing Finance Ltd. (CGHFL) को अथवा मेरे कार्यालय में लिखित रूप में मय दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रस्तुत करें, समय उपरांत किसी भी आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

जबलपुर
दिनांक :- 25/08/2025

भवदीय
राजेश प्यासी एडवोकेट
319, गली नं. 05, त्रिमूर्ति नगर, दमोहनाका जबलपुर 9424320068

**अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान**
(विश्वविद्यालय समतुल्य)
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का स्वायत्त संगठन, भारत सरकार
गोवंडी स्टेशन रोड, देवनार, मुंबई-400088, संपर्क विवरण: टेलीफोन: 91-22-42372428
ईमेल: distanceeducation@iipsindia.ac.in; वेबसाइट: www.iipsindia.ac.in

**दूरस्थ कार्यक्रम के लिए प्रवेश घोषणा - शैक्षणिक सत्र जुलाई-अगस्त, 2025 हेतु**

अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान(आईआईपीएस), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तहत 1956 में स्थापित स्वायत्त संगठन, शैक्षणिक वर्ष जुलाईदृअगस्त 2025-2026 के लिए जनसंख्या अध्ययन कार्यक्रम (दूरस्थ माध्यम) में एम.ए. प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित करता है।

**ऑफलाइन एवं ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि: 15 सितंबर 2025**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.iipsindia.ac.in पर जाएँ

निदेशक एवं वरिष्ठ प्रोफेसर (अतिरिक्त प्रभार)

**M.P. POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
Office of The Superintending Engineer (Ld:E&T)
Nayagaon, Rampur, Jabalpur (M.P.) - 482008
Phone : 0761-2702744, 2702753, Fax : 0761-2970119

**TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited **for providing armed security services at SLDC, MPPTCL, Nayagaon, Jabalpur** against Tender Specification No. LDET-06/2025-26 which is due for opening on **16.09.2025**. The cost of tender document is **Rs.1,770.00**. For further details & downloading of tender document, please visit our website **www.mptransco.nic.in, www.mptenders.gov.in, www.sldcmpindia.com**.

**// SAVE ELECTRICITY//** M.P. Madhyam/121706/2025

**जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (सीआईआरपी के अंतर्गत) द्वारा 26/07/2025 को प्रकाशित फॉर्म जी में रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है**

यह 26/07/2025 को बिजनेस स्टैंडर्ड, अमर उजाला, कन्नड़ प्रभा और नवभारत समाचार पत्रों में प्रकाशित फॉर्म जी के संदर्भ में है, जिसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति ('ईओआई') जमा करने की अंतिम तिथि 25/08/2025 थी. इस संबंध में, हम सूचित करते हैं कि ऋणदाता समिति (सीओसी) की दिनांक 19/07/2025 की चौथी बैठक में सीओसी के सदस्यों द्वारा दी गई स्वीकृति के मद्देनजर रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जमा करने की अंतिम तिथि 08/09/2025 तक बढ़ा दी गई है. विस्तार के बाद संबंधित/संशोधित तिथियां/विवरण इस प्रकार है :-

| क्र. | विवरण/घटना | नियत तारीख |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट देनदार का पैन | AAACZ2168D |
| 2. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 8/9/2025 |
| 3. | संभावित समाधान आवेदकों की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि | 18/9/2025 |
| 4. | अनंतिम सूची पर आपत्तियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 23/9/2025 |
| 5. | संभावित समाधान आवेदकों की अंतिम सूची जारी करने की तिथि | 3/10/2025 |
| 6. | संभावित समाधान आवेदकों को सूचना ज्ञापन, मूल्यांकन मैट्रिक्स और समाधान योजनाओं के लिए अनुरोध जारी करने की तिथि | 8/10/2025 |
| 7. | समाधान योजनाएँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 7/11/2025 |
| 8. | रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने हेतु प्रक्रिया ईमेल आईडी | jaypeecement.cirp @gmail.com |

यह सूचना समाधान पेशेवर द्वारा जारी की गई है, ताकि पीआरएएस को दिनांक 26/07/2025 के फॉर्म जी के अनुसार ईओआई जमा करने की तिथि में विस्तार के बारे में सूचित किया जा सके.

दिनांक : 26-08-2025
स्थान : दिल्ली

एसडी/-
सीएमए दीपिका भुग्रा प्रसाद
के समाधान पेशेवर
जेपी सीमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-003/IP-N000110/2017-2018/1186
ईमेल: Jaypeecement.cirp@gmail.com